## महत्वपूर्ण एवं खास

### बुजुर्ग हुआ उठाईगिरी का शिकार

**रायपुर (आरएनएस)।** ई-रिक्सा में एक बुजुर्ग उठाईगिरी का शिकार हो गया। अज्ञात दो महिलाओं ने बुजुर्ग के बैग में रखे नकदी ढाई लाख रुपए पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हुमन लाल वर्मा 62 वर्ष पठारीडीह पलारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी ई-रिक्सा में बैठकर कहीं जा रहा था, तभी रिक्सा में सवार अज्ञात दो महिलाओं ने बुजुर्ग के बैग से नकदी रकम 2 लाख 50 हजार रुपए पार कर दिया। जब प्रार्थी को पता चला तो उसने इसकी शिकायत कोतवाली थाना में की। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### सूने मकान का ताला टूटा, नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर (आरएनएस)।** अयोध्या नगर चंगोराभाठा स्थित सूने मकान का ताला तोडक़र आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर पार कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया रामेश्वरी चंद्राकर 55 वर्ष अयोध्यानगर चंगोराभाठा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि 20 से 21 जून के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थिया के सूने मकान का ताला तोडक़र आलमारी में रखे नकदी सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 80 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### गोदाम से हजारों रुपए का सामान गायब

**रायपुर (आरएनएस)।** पैकरा इस्पात के सामने नेवरा स्थित गोदाम में प्रवेश कर अज्ञात चोर ने टूल्लू पंप, ग्लाइंडर मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी केअनुसार प्रार्थी सुधांसू शर्मा 31 वर्ष शिक्षक कालोनी तिल्दा का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि पैकरा इस्पात के सामतने उसका गोदाम है। जिसमें अज्ञात चोर ने प्रवेश कर गोदाम में रखे टूल्लू पंप, ग्लाइंडर मशीन व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 25 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर नेवरा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### नितिन नबीन बनाए गए छत्तीसगढ़ प्रभारी

**रायपुर (आरएनएस)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ समेत कई प्रदेशों में प्रदेश प्रभारी और सहप्रभारियों की नियुक्ति की है. छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी बिहार के विधायक नितिन नबीन को दी गई है. बता दें कि इससे पहले वे सह प्रभारी की जिम्मेदारी संभाल रहे थे. वहीं कोंडागांव विधायक लता उसेंडी को ओडिशा का सह प्रभारी बनाया गया है। नितिन नबीन की बात करें तो वे बिहार भाजपा के दिग्गज नेता नबीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं. नितिन नबीन चार बार बांकीपुर से विधान सभा सदस्य (एमएलए) चुने गए हैं. 2020 के विधानसभा चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को बड़े अंतर से हराकर शानदार जीत हासिल की थी।

### राजधानी के कार शोरूम में लगी आग

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी रायपुर के तेलीबांधा क्षेत्र स्थित मारूति कार के शोरूम में शुक्रवार को भीषण आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार रायपुर के तेलीबांधा स्थित मारूति कार शोरूम में शुक्रवार को अचानक आग लगी गई। आग शोरूम के सर्विस सेंटरमें लगी। जहां से तेज धुंआ उठने लगा जिसे देख आसपास के क्षेत्र में हडक़ंप मच गया। जिसके बाद तत्काल इसकी सूचना पुलिस थाने तथा फायर ब्रिगेड को दी गई।

# फेरी, कबाड़ी करने वाले 17 व्यक्तियों पर घरघोड़ा पुलिस ने की 170 BNSS के तहत प्रतिबंधक कार्यवाही

**रायगढ़**

संपत्ति संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस लगातार क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ कर रही है। इसी क्रम में आज पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी (ग्रामीण) रामगोपाल करियारे, एसडीओपी धरमजयगढ़ सिद्धांत तिवारी के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक अमित तिवारी के नेतृत्व में क्षेत्र में फेरी कर सामान बिक्री करने वालों की जांच की गई। इस दरमियान पुलिस टीम द्वारा दूसरे जिलों से आकर क्षेत्र में फेरी, कबाड़ी करने वाले 17 व्यक्तियों को तस्दीक जांच के लिये थाना लाया गया। इस दरमियान पुलिस की कार्यवाही को लेकर अनावेदक उग्र हुये। घरघोड़ा पुलिस द्वारा उन्हें समझाइश दी गई, शांत नहीं होने पर तत्काल सभी 17 व्यक्तियों



को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत गिरफ्तार किया गया और उनके गिरफ्तारी की सूचना उनके परिचितों को दी गई। घरघोड़ा पुलिस द्वारा अनावेदकों को सदाचारी बने रहने के लिये इस्तगासा धारा 126,135(3) बी.एन.एस.एस. के तहत पृथक- पृथक सभी पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया है।

इन पर की गई प्रतिबंधक कार्यववाही-

01- पीरूलाल बंजारा पिता मांगीलाल बंजारा उम्र 28 वर्ष

02- वकील कछावा पिता नाथुलाल उम्र 35 वर्ष

03- राहुल दायमा पिता रोडमल दायमा उम्र 24 वर्ष

04- इंदर सिंह गोगलिया पिता बंषीलाल गोगलिया उम्र 27 वर्ष

05- गोविंद दायमा पिता षिवलाल दायमा उम्र 19 वर्ष

06- गोवर्धन लाल कछावा पिता नाथुलाल कछावा उम्र 39 वर्ष

07- अरविंद बंजारा पिता गोरेलाल बंजारा उम्र 25 वर्ष

08- विकास दायमा पिता चंद्रसिंह दायमा उम्र 19 वर्ष

09- रायसिंह गोगलिया पिता बंषीलाल गोगलिया उम्र 28 वर्ष

10- अरूण गोगलिया पिता रायसिंह गोगलिया उम्र 19 वर्ष

11- जीवन दायमा पिता चंद्रसिंह दायमा उम्र 19 वर्ष

12- रोडु गोगलिया पिता बंषीलाल गोगलिया उम्र 24 वर्ष

13- बद्रीलाल दायमा पिता सूरजमल दायमा उम्र 20 वर्ष सभी निवासी चंद्रपुरा थाना गरोड जिला मंदसौर (म.प्र.) हाल मुकाम ग्राम चुहकीमार किराया मकान, थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़

14- करण सिंह बंजारा पिता नंदलाल बंजारा उम्र 25 वर्ष सा- ढाबा थाना गरोड जिला मंदसौर (म.प्र.) हाल मुकाम किराया मकान, ग्राम चुहकीमार

15- रोहित कछावा पिता कैलाष कछावा उम्र 23 वर्ष सा- जूनापानी थाना कुकडेश्वर जिला नीमच (म.प्र.) हाल मुकाम ग्राम चुहकीमार

16 जैवुर शेख पिता मुसारिफ शेख उम्र 35 वर्ष

17- रोकिम शेख पिता मुंजूर शेख उम्र 50 वर्ष दोनों निवासी पाटकलडना थाना सागोददिगी जिला मुर्शीदाबाद (प.बं.) हाल मुकाम नावापारा घरघोड़ा थाना घरघोड़ा जिला रायगढ़

# लोहे से भरा ट्रक चोरी, पुलिस ने चंद घंटों में किया बरामद

**भिलाई-रायपुर। आरएनएस**

जामुल पुलिस के टीम द्वारा चोरी गये मशरूका एंगल, चैनल से भरा ट्रेलर ट्रक को चंद घंटों में खोज निकालने में मिली सफलता आरोपी ट्रक छोडक़र हुआ फरार।




थाना जामुल क्षेत्रातर्गत है कि प्रार्थी चंद्रकांत यादव पिता मुरली मनोहर यादव उम्र 34 साल साकिन शंकर नगर, छावनी, क्रांति चौक जामुल द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 28.06.2024 को प्रार्थी का वाहन ट्रेलर ट्रक के संचालक अजय मेहरा का माल लेने सिलतरा रायपुर भेजा था, ट्रक चालक मुकेश कुमार ने सिलतरा के सूयस् कपंनी, विग्रेश्वर इस्पात और आयरन मार्ट कंपनी से एंगल, चैनल करीब 22 टन लोड कर दिनांक 30.06.2024 के रात्रि करीब 09.00 बजे छावनी में अरिहंत धर्मकांटा के पास लोड गाड़ी को अरिहंत धर्मकांटा के पास खड़ा कर अपने घर चला गया था, दिनांक 01.07.2024 के सुबह करीब 09.00 बजे चालक मुकेश कुमार जाकर देखा तो एंगल, चैनल से भरा ट्रेलर ट्रक क्रमांक छ्त्र 04 स्नक्च 4441 वहां नहीं था। जिसे कोई अज्ञात चोर रात्रि के समय एंगल, चैनल से भरा ट्रेलर ट्रक क्रमांक छ्त्र 04 स्नक्च 4441 भरा माल सहित कीमती करीब 21,00,000 रूपये को चोरी कर ले गया है, कि रिपोर्ट पर अप.क्र. 247/24 धारा 303(2) क्चहस् कायम कर विवेचना में लिया जाकर वरिष्ठ अधिकारी चोरी की गंभीर अपराध की सूचना से अवगत कराया गया जो चोरी जैसे गंभीर अपराध में आरोपी एवं माल मशरूका की पत्ता तलाश कर आरोपी को अतिशीघ्र गिरफ्तार किये जाने हेतु श्रीमान जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक जिला-दुर्ग, मुखनंदन राठौर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर जिला-दुर्ग तथा हरिश पाटील नगर पुलिस अधीक्षक छावनी द्वारा अविलंब पता तलाश कर कार्यवाही करने निर्देश दिये गये थे।

उच्चअधिकारियों के निर्देशानुसार थाना प्रभारी कपिल देव पाण्डेय के नेतृत्व में थाना जामुल से एक टीम गठित कर उक्त आरोपी व माश मशरूका की सरगरमी से पता तलाश हेतु घटना स्थल के आसपास व वहां से बाहर जाने वाले रास्ते में लगे सीसीटीव्ही फुटेज का बारिकी से खंगाला गया, जो सीसी टीव्ही फुटेज के आधार पर आरोपी की गिरफ्तारी के लिए नाकाबंदी किया गया था नाकाबंदी के दौरान आरोपी द्वारा चोरी गये ट्रक कर छ्त्र04स्नक्च 441 में लोड एंगल, चैनल की कीमती 21,000,00 रूपये को दुर्ग से रायपुर मार्ग पर सुनसान रास्ते में लावारिस हालत में छोडक़र फरार हो गया उक्त मशरूका की जप्त कर वाजाफ्ता सुमार किया गया। अज्ञात आरोपी की सरगरमी से पता तलाश की जारी है। उपरोक्त कार्यवाही में स्टाफ र्ह्यद्ब इमैनुएल खालको, आरक्षण राधे लाल यादव आरक्षण रूप नारायण वाजपेयी।

# डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विशेष अभियान के तहत सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे का किया जा रहा कार्य

**डेंगू के रोकथाम एवं बचाव के संबंध में स्वास्थ्य विभाग जनसामान्य को कर रहे जागरुक**

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारीडॉ. बी.के. चन्द्रवशी के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत रायगढ़ के शहरी क्षेत्रों के समस्त 48 वार्डों में डेंगू के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु विशेष अभियान के तहत सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे का कार्य किया जा रहा है, ताकि समय रहते डेंगू को पूर्ण रूप से खत्म किया जा सके।



विगत वर्ष के हॉटस्पॉट एरिया के साथ-साथ उस स्थानों में जहां मच्छरों के पनपने के संभावना अधिक रहती है वहां स्वास्थ्य विभाग के अधिकरियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं मितानिन के सहयोग से स्त्रोत नियंत्रण गतिविधि करने हेतु टीम का गठन किया गया है। पिछले वर्ष के हॉट स्पॉट एरिया व पिछले साल के डेंगू मरीजों के आसपास के 50-50 घरों में सोर्स रिडक्शन एवं लार्वा सर्वे का कार्य भी किया जा रहा है। आज जिले से जिला कार्यक्रम प्रबंधक रंजना पैंकरा एवं शहरी कार्यक्रम प्रबंधक पीडी बस्तिया द्वारा शहरी क्षेत्र-लालटंकी, बीड़ पारा, गौशाला पारा, पुलिस लाईन एवं ढिमरापुर चौंक आदि क्षेत्रों में चल रहे सोर्स रिडक्शन कार्य का निरीक्षण किया गया जिसमें निरीक्षण के दौरान उपस्थित कर्मचारियों को दिये गये निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देशन देने के साथ-साथ पाये जाने वाले कन्टेनरों को खाली करवाया गया। उक्त टीम के सदस्यों द्वारा कुलर में अधिक समय तक रखे हुए पानी का निष्कासन, गमले, टायर, नारियल खोल इत्यादि में ठहरे हुए पानी को खाली किया जा रहा है। नाली में जमे हुए पानीं में टेमिफास या जला हुआ मोबिल डाला जा रहा है जिससे मच्छर और न पनप पाये। साथ ही साथ लोगों में जागरूकता लाने हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रत्येक वार्डो में डेंगू से संबंधित नारा लेखन का कार्य किया जा रहा है। आम जनता को रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करने हेतु सलाह दी जा रही है। डेंगू बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर नजदीकी अस्पताल में तत्काल खून की जांच करने हेतु लोगों को समझाईश दी जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. चन्द्रवशी द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि उक्त अभियान में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग करें ताकि रायगढ़ जिले को डेंगू मुक्त किया जा सके।

# घर-घर कचरा संग्रहण के साथ ग्राम को ओडीएफ. मॉडल ग्राम बनाने मास्टर ट्रेनर तैयार

**तरल एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की दी गई जानकारी**

**राजनांदगांव (आरएनएस)।** कलेक्टर संजय अग्रवाल के नेतृत्व में जिले के सभी ग्रामों को स्वच्छ रखने के साथ ही ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने का कार्य किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह के निर्देशन में जनपद पंचायत डोंगरगांव एवं छुरिया अंतर्गत सभी ग्राम को ओडीएफ मॉडल ग्राम बनाने के लिए सचिवों एवं स्वच्छग्राही समूह की दीदीयों को ग्राम स्तर पर मास्टर ट्रेनर बनाए जाने के लिए प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण में सचिवों एवं स्वच्छग्राही समूह की दीदीयों को ग्राम को ओडीएफ प्लस मॉडल के बनाने, ओडीएफ स्थायित्व बनाए रखने तथा सभी घरों में क्रियाशील व्यक्तिगत शौचालय को बनाए रखने, तरल अपशिष्ट प्रबंधन, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के तहत सूखा कचरा और गीला कचरा को पहचानकर अलग-अलग रखने के साथ ही घर-घर से सूखा कचरा संग्रहण करने के बाद उसके सुरक्षित निपटान के बारे में बताया गया। जनपद सीईओ नवीन कुमार एवं शिल्पा देवांगन ने सभी सचिवों को लक्ष्य अनुरूप ग्रामों को ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने निर्देशित किया। राज्य सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण मधुरिमा मसीह द्वारा प्रशिक्षण में ग्राम स्तर पर प्लास्टिक प्रतिबंध के साथ-साथ ग्राम को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाए रखने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन छोटे लाल साहू, यूनिसेफ रायपुर से बसंत मारकंडे व प्रेम कुमार, वॉटर एड इंडिया के भूपेश साहू, ब्लॉक समन्वयक बैद्यनाथ वर्मा एवं नंदकिशोर साहू द्वारा विषयवार प्रशिक्षण दिया गया।

# कन्या शाला में आयोजित हुआ कैरियर काउंसिलिंग

**आपकी मेहनत ही आपकी सफलता की कुंजी है -सीईओ जितेन्द्र यादव**

**रायगढ़**

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने आज स्थानीय कोष्टापारा में स्थित शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला रायगढ़ का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षा 10 वीं से 12 वीं तक अध्ययनरत छात्राओं को परीक्षा में अच्छे अंक लाने एवं जीवन में सफलता पाने के टिप्स



दिये। उन्होंने बच्चों से चर्चा करते हुए शुरुवाती असफलता से न घबराने एवं निरन्तर प्रयास करते रहने को कहा। उन्होंने कहा कि दृढ़ ईच्छा शक्ति एवं लगन से मेहनत करने से सफलता अवश्य मिलती है। मौके पर स्कूल में अध्ययनरत रेणुका, सोनी साव, कुमकुम चौबे, श्रद्धा चौहान ने प्रश्न पूछे जिसका समाधान सीईओ यादव ने किया।

इस दौरान अध्ययनरत छात्रा साधना ने अपने मां के थायरॉइड पीड़ित होने से न पढ़ पाने की बात पर तुरन्त सीईओ ने रेडक्रॉस से बात कर मुफ्त इलाज कराने को कहा, इसी तरह बिंदिया कुर्रे ने हाई पावर चश्मा लग जाने पर पढऩे में असुविधा बताई जिसको उन्होंने बेहतर इलाज कराने का अश्वासन दिया। रागिनी देवांगन ने घर में पढ़ाई का वातावरण न मिल पाने के कारण हॉस्टल में प्रवेश दिलाने का अनुरोध किया जिस पर सीईओ यादव ने रायगढ़ स्थित हॉस्टल में रिक्त सीट पर सहायक आयुक्त से चर्चा कर प्रवेश दिलाने की बात कही। निरीक्षण और कैरियर काउंसिलिंग के दौरान भुवनेश्वर पटेल एपीसी, भूपेंद्र पटेल एपीसी, विजय तिर्की प्राचार्य, अनिल गुप्ता व्याख्याता, रविन्द्र तिवारी व्याख्याता के साथ स्कूल के अन्य व्याख्याता एवं शिक्षक उपस्थित थे।

# फिटनेस है स्वास्थ्य का मूलमंत्र, मन लगाकर खेले -कलेक्टर

**रायगढ़ क्लब में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ**

**रायगढ़**

जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान में रायगढ़ क्लब में तीन दिवसीय जूनियर, सीनियर एवं 7 वीं कैडेट का 20 वां छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप का आज शुभारंभ किया गया। जिसमें कलेक्टर कार्तिकेया गोयल एवं एसपी दिव्यांग पटेल शामिल हुए। मौके पर ट्रायल मैच का भी आयोजन हुआ, यह प्रतियोगिता 7 जुलाई तक चलेगा।



कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ी बच्चों को रायगढ़ आगमन पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा आप सभी फिट हैं, फिटनेस को अपना मूल मंत्र बनाकर चले सभी स्वस्थ रहेंगे। सभी मन लगाकर खेले, यह हमारे देश के लिए बेहतर है। कलेक्टर गोयल ने कहा कि आप अभी से फ्यूचर प्लानिंग कर ले, मैं चाहता हूं कि आप ताइक्वांडो के ऊंची शिखर में जाएं लेकिन साथ ही अपने ऑप्शन बी भी तैयार रखें। आप भविष्य में जो भी बनना चाहते है, निश्चित रूप से बने। आप सभी देश के ही काम आयेंगे। जिला ताइक्वांडो एसोसिएशन द्वारा अनुभवी रेफरी के साथ एक अच्छे ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। जिसके लिए जिला प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जाएगी। इस दौरान एसपी दिव्यांग पटेल ने प्रतियोगी खिलाडिय़ों को अच्छे प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

संघ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ क्लब में 5 से 7 जुलाई तक आयोजित तीन दिवसीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में राज्य के सभी जिले के लगभग 400 प्रतिभागी सम्मिलित हो रहे है। जूनियर कैटेगरी में अंडर 17, सीनियर कैटेगरी में 17 प्लस तथा 7 वीं कैडेट में 12से 14 एज ग्रुप शामिल है। इस अवसर पर एएसपी सुरेशा चौबे, क्लस्टर हेड अडानी तमनार मुकेश कुमार, महासचिव ताइक्वाडों संघ अनिल द्विवेदी, रामचंद्र शर्मा, आर.पी.सिंह, अशोक अग्रवाल सहित संघ के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

# लखपति दीदी बनने के सपने को साकार कर रही गीदम की महिलाएं

**रायपुर। आरएनएस**

महिलाएं अपनी मेहनत और लगन से आगे बढ़ रही है। और कामयाबी का परचम लहरा रही है। मेहनत करने वालों की राह स्वयं ही खुल जाती है। इस बात को दूरस्थ अंचल जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा के गीदम विकासखंड अंतर्गत 30 से 35 किलोमीटर दूरी पर स्थित हिड़पाल ग्राम पंचायत में माँ गौरी स्व-सहायता समूह की महिलाएं चरितार्थ कर रहीं हैं। सुदूर वनक्षेत्र में निवासरत ये ग्रामीण महिलाएं आज सीमेंट ईट बनाने जैसा श्रम साध्य कार्य को अंजाम देने में जुटी हैं। ईंट बनाने के काम में 5 पुरूष मिस्त्रियों ने महिलाओं को इस काम में सहयोग करते हुए तैयारी के संबंध में समझाया फिर उन्हें ईट बनाने की मशीन संचालन करना, रेत, डस्ट में सीमेंट की मात्रा की मिलावट के बारे में जानकारी दी। इस तरह 10 महिलाओं ने शुरूआती दौर में 500 ईंट निर्माण की तैयारी की।

ईंट निर्माण की प्राथमिक जानकारी मिलने से महिलाओं को सबसे बड़ा लाभ यह हुआ कि आने वाले समय पर वे स्वयं मशीन ऑपरेट कर रही हैं। इस संबंध में मॉ गौरी स्व सहायता समूह की महिलाओं ने इसे अब अपनी आजीविका का साधन बनाने का मन बना लिया हैं। ज्ञात है कि राज्य सरकार की ओर से प्रधानमंत्री आवास निर्माण को प्राथमिकता दिए जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में ईंट की मांग बढ़ गई है। ईंट निर्माण से जुड़ी मॉ गौरी स्व-सहायता समूह की कमला कोर्राम का इस संबंध मे कहना है कि ईंट निर्माण कार्य से जुड़ कर उन्हें बहुत अच्छी लग रही है और काफी खुशी भी हो रही है क्योंकि हमें कुछ नया सीखने को मिल रहा है।

अन्य सदस्य तुलसी कश्यप ने बताया कि शुरूआत में नि:शुल्क डस्ट एवं सीमेंट जिला प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराया गया। ईंट बनाने के सांचे भी उन्हे राष्ट्रीय आजीविका मिशन के तहत प्राप्त हुए हैं। साथ ही ईंट बनाने के लिए प्रशासन की ओर से उन्हें नि:शुल्क प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और जिला प्रशासन के प्रति अभार व्यक्त किया।

आने वाले समय पर रेती, डस्ट एवं सीमेंट की खरीदी का पूरा दारोमदार समूह पर रहेगा। समूह की अन्य महिला मंगलदई ने आगे और जानकारी देते हुए कहा कि मॉ गौरी स्व सहायता समूह के द्वारा बैंक से 3 लाख रूपये का ऋण भी लिया गया है। पहले हम सभी महिलाएं लाल ईंट निर्माण कार्य से जुड़ी हुई थी जिसमें मिट्टी को अच्छे से मिलाकर ईंट बनाया जाता था। अभी इसमें फर्क इतना ही है कि मशीन के रेती, डस्ट, सीमेंट तीनों पदार्थो को एक साथ मिक्सर मशीन में डाल कर घुमाया जाता है और जिससे मिक्स होने के बाद उसे ईंट बनाने वाले मशीन में डाला जाता है। जिससे एक बार में 10 ईंट बन कर निकलती है। ईंट निर्माण के माध्यम से महिलाओं के लिए स्वरोजगार की एक और राह खुल गई है।

इस प्रकार अब जिले की हर एक ग्रामीण महिला शासन की महत्वाकांक्षी लखपति दीदी योजना के तहत लखपति दीदी बनने का सपना साकार कर सकती है।